Title: Regarding gauge conversion and maintenance and construction of Munabab railway station area.

MR. SPEAKER: Now, Shri Jaswant Singh Bishnoi.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record except the submission of Shri Jaswant Singh Bishnoi

(Interruptions) ...(Not recorded)

MR. SPEAKER: Madam you have raised your point. Please sit down.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record except the submission of Shri Jaswant Singh Bishnoi.

(Interruptions) ...(Not recorded)

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदय, लूनी बाड़मेर मुनाबाब के मध्य 297 किलोमीटर का सामरिक दृटि से अति महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील रेल खंड है। वर्ा 1997-98 के बजट में इसका आमान परिवर्तन स्वीकृत हो गया था। जिसके लिए बजट में 40 करोड़ रुपये का अलोकेशन किया गया था। वर्ा 1998-99 में इसके लिए 30 करोड़ रुपये का अलोकेशन हुआ था और 1999-2000 में 20 करोड़ रुपये का अलोकेशन रेल बजट में हुआ था। वर्तमान वर्ा 2000-2001 में इसके लिए 30 करोड़ रुपये का अलोकेशन हुआ है।

अध्यक्ष महोदय, मुनाबाब पाकिस्तान बॉर्डर पर सामरिक दृटि से अति महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जहां युद्ध के समय हमेशा रेलें युद्ध सामग्री लेकर आती-जाती हैं। लेकिन कुछ अधिकारियों की लापरवाही की वजह से इन वर्ाों में जो प्रस्ताव स्वीकृत हुए थे, उनकी राशि आमान परिवर्तन के काम में नहीं लाई जा सकी, जिसके कारण वह राशि लैप्स हो गई। इसके परिणामस्वरूप सामरिक दृटि से अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील रेलवे स्टेशन मुनाबाब का आमान परिवर्तन का कार्य आज तक अधूरा पड़ा है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इस कार्य के लिए जो अधिकारी दोी है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा इस अधूरे पड़े आमान परिवर्तन के कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। धन्यवाद।